इस पुस्तिका में 56 मुद्रित पृष्ठ हैं।
This Booklet contains 56 printed pages.

**SKS16–I**

परीक्षा पुस्तिका संख्या
Test Booklet No. **1283189**

## प्रश्न-पत्र—I / PAPER—I
## मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET

परीक्षा पुस्तिका संकेत
**Test Booklet Code**

**EE**

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

### *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :*

1. OMR उत्तर-पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल काले/नीले बॉलपॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घण्टे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर-पत्र पर निशान लगाने के लिए केवल काले/नीले बॉलपॉइंट पेन का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का संकेत **EE** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर-पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हो, तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में पाँच भाग—I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग–I | : बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र | (प्रश्न सं० 1–30) |
| भाग–II | : गणित | (प्रश्न सं० 31–60) |
| भाग–III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं० 61–90) |
| भाग–IV | : भाषा–I (अंग्रेजी/हिन्दी) | (प्रश्न सं० 91–120) |
| भाग–V | : भाषा–II (अंग्रेजी/हिन्दी) | (प्रश्न सं० 121–150) |

6. भाग–IV में भाषा–I के लिए 30 प्रश्न और भाग–V में भाषा–II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेजी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। यदि भाषा–I और/या भाषा–II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेजी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लें। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वे आवेदन-पत्र/प्रवेश-पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए।
7. परीक्षार्थी भाषा–II (भाग–V) के लिए उसी भाषा के प्रश्नों के उत्तर दें जो उनके द्वारा भाषा–I (भाग–IV) में चुनी भाषा से भिन्न हो।
8. रफ़ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।

### *Instructions for Candidates :*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **Black/Blue** Ballpoint Pen only.
2. The test is of **2½ hour** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Black/Blue Ballpoint Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **EE**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **Five** Parts—I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carrying 1 mark :

| | |
|---|---|
| Part-I : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1–30) |
| Part-II : Mathematics | (Q. Nos. 31–60) |
| Part-III : Environmental Studies | (Q. Nos. 61–90) |
| Part-IV : Language–I (English/Hindi) | (Q. Nos. 91–120) |
| Part-V : Language–II (English/Hindi) | (Q. Nos. 121–150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language–I and Part-V contains 30 questions for Language–II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi Language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language–I and/or Language–II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet that contains questions on that Language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form/Admit Card.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language–II (Part–V) in a language other than the one chosen as Language–I (Part–IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Name of the Candidate (in Capitals)

अनुक्रमांक (अंकों में) : ____________________
Roll Number (in figures)

(शब्दों में) : ____________________
(in words)

परीक्षा-केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Centre of Examination (in Capitals)

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________________
Candidate's Signature

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________________
Invigilator's Signature

SEAL

CAREERINDIA

## PART—I / भाग—I

### CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र

***Directions :*** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

*निर्देश :* निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**1.** Which of the following is the most effective method to encourage conceptual development in students?

(1) Give students multiple examples and encourage them to use reasoning.

(2) Use punishment till students have made the required conceptual changes.

(3) New concepts need to be understood on their own without any reference to the old ones.

(4) Replace the students' incorrect ideas with correct ones by asking them to memorize.

**1.** विद्यार्थियों में संप्रत्ययात्मक विकास को प्रोत्साहन देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे प्रभावी है?

(1) विद्यार्थियों को बहुत-से उदाहरण देना और उन्हें तर्कशक्ति का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना।

(2) जब तक विद्यार्थियों में वांछित संप्रत्ययात्मक परिवर्तन न हो जाए, तब तक दंड का उपयोग करना।

(3) पुराने प्रत्ययों से किसी संदर्भ के बिना नए प्रत्ययों को अपने आप समझा जाना चाहिए।

(4) याद करने के लिए कहकर विद्यार्थियों के गलत विचारों को सही विचारों में बदलना।

**2.** Primary schoolchildren will learn most effectively in an atmosphere :

(1) where the focus and stress are only on mastering primarily cognitive skills of reading, writing and mathematics

(2) where the teacher leads all the learning and expects students to play a passive role

(3) where their emotional needs are met and they feel that they are valued

(4) where the teacher is authoritative and clearly dictates what should be done

**2.** प्राथमिक विद्यालय के बच्चे उस वातावरण में सबसे प्रभावी ढंग से सीखेंगे :

(1) जहाँ मूलरूप से पढ़ने, लिखने और गणित की संज्ञानात्मक कुशलताओं पर ही ध्यान का केंद्र होता है और बल दिया जाता है

(2) जहाँ शिक्षक सारे अधिगमों में आगे होता है और विद्यार्थियों से निष्क्रिय रहने की अपेक्षा करता है

(3) जहाँ उनकी संवेगात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है और वे अनुभव करते हैं कि वे महत्त्वपूर्ण हैं

(4) जहाँ शिक्षक एकाधिकारवादी है और स्पष्ट आदेश देता है कि क्या किया जाना चाहिए



Scanned by CamScanner

3. A child sees a crow flying past the window and says, "A bird." What does this suggest about the child's thinking?

A. The child has previously stored memories.

B. The child has developed the concept of a 'bird'.

C. The child has developed some tools of language to communicate her experience.

(1) A, B and C
(2) Only B
(3) A and B
(4) B and C

4. What should a teacher tell her students to encourage them to do tasks with intrinsic motivation?

(1) "Complete the task fast and get a toffee."
(2) "Try to do it, you will learn."
(3) "Come on, finish it before she does."
(4) "Why can't you be like him? See, he has done it perfectly."

5. How can a teacher encourage her students to be intrinsically motivated towards learning for the sake of learning?

(1) By supporting them in setting individual goals and their mastery
(2) By offering tangible rewards such as toffees
(3) By inducing anxiety and fear
(4) By giving competitive tests

6. In an elementary classroom, an effective teacher should aim at the students to be motivated :

(1) by using punitive measures so that they respect the teacher
(2) to perform so that they get good marks in the end of the year examination
(3) to learn so that they become curious and love learning for its own sake
(4) to rote memorize so that they become good at recall

3. एक बच्चा खिड़की के सामने से एक कौवे को उड़ता हुआ देखता है और कहता है, ''एक पक्षी।'' इससे बच्चे के विचार के बारे में क्या पता चलता है?

A. बच्चे की स्मृतियाँ पहले से भंडारित होती हैं।

B. बच्चे में 'पक्षी' का प्रत्यय विकसित हो चुका है।

C. बच्चे ने अपने अनुभव बताने के लिए भाषा के कुछ उपकरणों का विकास कर लिया है।

(1) A, B और C
(2) केवल B
(3) A और B
(4) B और C

4. कोई शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को क्या कहे कि उन्हें भीतरी प्रेरणा के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित कर सके?

(1) ''काम जल्दी पूरा करो तो तुम्हें एक टॉफी मिलेगी।''
(2) ''इसे करने की कोशिश करो, तुम सीख जाओगे।''
(3) ''चलो, इसे उसके करने से पहले समाप्त कर लो।''
(4) ''तुम उसके जैसे क्यों नहीं हो सकते? देखो, उसने इसे एकदम ठीक कर दिया।''

5. कोई शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अध्ययन करने हेतु आंतरिक रूप से उत्प्रेरित करने के लिए कैसे प्रोत्साहित कर सकती है?

(1) व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित करने और उनमें निपुणता पाने में उन्हें मदद देकर
(2) साफ दिखाई पड़ने वाले इनाम देकर, जैसे—टॉफी
(3) उनमें चिंता और डर पैदा करके
(4) प्रतियोगितात्मक परीक्षण से

6. किसी प्रारंभिक कक्षा में प्रभावशाली शिक्षक का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्प्रेरित करना होगा :

(1) दंडात्मक उपायों का प्रयोग करके जिससे वे शिक्षक का सम्मान करें
(2) ऐसे काम करने के लिए जिससे परीक्षा के अंत में वे अच्छे अंक पा सकें
(3) सीखने के लिए जिससे वे जिज्ञासु बनें और सीखने के लिए ही सीखना पसंद करें
(4) रटकर याद करने के लिए जिससे वे प्रत्यास्मरण करने में अच्छे बनें



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

7. Which of the following is an example of effective school practice?
   (1) Individualized learning
   (2) Competitive classroom
   (3) Constant comparative evaluation
   (4) Corporal punishment

8. The cephalocaudal principle of development explains how development proceeds from :
   (1) head to toe
   (2) rural to urban areas
   (3) general to specific functions
   (4) differentiated to integrated functions

9. Which of the following is a sensitive period pertaining to language development?
   (1) Adulthood
   (2) Early childhood period
   (3) Prenatal period
   (4) Middle childhood period

10. A 6-year-old girl shows exceptional sporting ability. Both of her parents are sportspersons, send her for coaching everyday and train her on weekends. Her capabilities are most likely to be the result of an interaction between :
   (1) health and training
   (2) discipline and nutrition
   (3) heredity and environment
   (4) growth and development

11. Which of the following are secondary agents of socialization?
   (1) School and immediate family members
   (2) Family and relatives
   (3) Family and neighbourhood
   (4) School and neighbourhood

7. निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण प्रभावशाली विद्यालय की प्रथा का है?
   (1) व्यक्तिसापेक्ष अधिगम
   (2) प्रतियोगितात्मक कक्षा
   (3) निरंतर तुलनात्मक मूल्यांकन
   (4) शारीरिक दंड

8. विकास का शिरःपदाभिमुख दिशा सिद्धान्त व्याख्या करता है कि विकास इस प्रकार आगे बढ़ता है :
   (1) सिर से पैर की ओर
   (2) ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों की ओर
   (3) सामान्य से विशिष्ट कार्यों की ओर
   (4) भिन्न से एकीकृत कार्यों की ओर

9. भाषा विकास के लिए सबसे संवेदनशील समय निम्नलिखित में से कौन-सा है?
   (1) वयस्कावस्था
   (2) प्रारंभिक बचपन का समय
   (3) जन्मपूर्व का समय
   (4) मध्य बचपन का समय

10. एक 6 वर्ष की लड़की खेलकूद में असाधारण योग्यता का प्रदर्शन करती है। उसके माता-पिता दोनों ही खिलाड़ी हैं, उसे नित्य प्रशिक्षण प्राप्त करने भेजते हैं और सप्ताहांत में उसे प्रशिक्षण देते हैं। बहुत संभव है कि उसकी क्षमताएँ निम्नलिखित दोनों के बीच परस्पर प्रतिक्रिया का परिणाम होंगी :
   (1) स्वास्थ्य और प्रशिक्षण
   (2) अनुशासन और पौष्टिकता
   (3) आनुवंशिकता और पर्यावरण
   (4) वृद्धि और विकास

11. निम्नलिखित में कौन-से समाजीकरण के गौण वाहक हो सकते हैं?
   (1) विद्यालय और निकटतम परिवार के सदस्य
   (2) परिवार और रिश्तेदार
   (3) परिवार और पास-पड़ोस
   (4) विद्यालय और पास-पड़ोस



Scanned by CamScanner

12. According to Lev Vygotsky, the primary cause of cognitive development is :

(1) adjustment of mental schemas
(2) stimulus-response pairing
(3) equilibration
(4) social interaction

13. In the context of Kohlberg's stages of moral reasoning, under which stage would the given typical response of a child fall?

"Your parents will be proud of you if you are honest. So you should be honest."

(1) Good girl-good boy orientation
(2) Law and order orientation
(3) Punishment-obedience orientation
(4) Social contract orientation

14. According to Jean Piaget, which of the following is necessary for learning?

(1) Belief in immanent justice
(2) Reinforcement by teachers and parents
(3) Active exploration of the environment by the learner
(4) Observing the behaviour of adults

15. According to Jean Piaget, schema building occurs as a result of modifying new information to fit existing schemes and by modifying old schemes as per new information. These two processes are known as :

(1) equilibration and modification
(2) assimilation and accommodation
(3) accommodation and adaptation
(4) assimilation and adaptation

12. लेव वाइगोत्स्की के अनुसार संज्ञानात्मक विकास का मूल कारण है :

(1) मानसिक प्रारूपों (स्कीमाज़) का समायोजन
(2) उद्दीपक-अनुक्रिया युग्मन
(3) संतुलन
(4) सामाजिक अन्योन्यक्रिया

13. किसी बच्चे का दिया गया विशिष्ट उत्तर कोलबर्ग के नैतिक तर्क के सोपानों की विषयवस्तु के किस सोपान के अंतर्गत आएगा?

''यदि आप ईमानदार हैं, तो आपके माता-पिता आप पर गर्व करेंगे। इसलिए आपको ईमानदार रहना चाहिए।''

(1) अच्छी लड़की-अच्छा लड़का अनुकूलन
(2) कानून और व्यवस्था अनुकूलन
(3) दंड-आज्ञाकारिता अनुकूलन
(4) सामाजिक संकुचन अनुकूलन

14. जीन पियाजे के अनुसार अधिगम के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है?

(1) ईश्वरीय न्याय पर विश्वास
(2) शिक्षकों और माता-पिता द्वारा पुनर्बलन
(3) शिक्षार्थी के द्वारा पर्यावरण की सक्रिय खोजबीन
(4) वयस्कों के व्यवहार का अवलोकन

15. जीन पियाजे के अनुसार प्रारूप (स्कीमा) निर्माण वर्तमान योजनाओं के अनुरूप बनाने हेतु नवीन जानकारी में संशोधन और नवीन जानकारी के आधार पर पुरानी योजनाओं में संशोधन के परिणाम के रूप में घटित होता है। इन दो प्रक्रियाओं को जाना जाता है :

(1) साम्यीकरण और संशोधन के रूप में
(2) समावेशन और समायोजन के रूप में
(3) समायोजन और अनुकूलन के रूप में
(4) समावेशन और अनुकूलन के रूप में



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

16. In a progressive classroom setup, the teacher facilitates learning by providing an environment that :

(1) discourages inclusion

(2) encourages repetition

(3) promotes discovery

(4) is restrictive

17. Howard Gardner's theory of Multiple Intelligence (MI) suggests that :

(1) teachers should use MI as a framework for devising alternative ways to teach the subject matter

(2) ability is destiny and does not change over a period of time

(3) every child should be taught every subject in eight different ways in order to develop all of the intelligences

(4) intelligence is solely determined by IQ tests

18. A 5-year-old girl talks to herself while trying to fold a T-shirt. Which of the following statements is **correct** in the context of the behaviour displayed by the girl?

(1) Jean Piaget would explain this as social interaction, while Lev Vygotsky would explain this as an exploration.

(2) Jean Piaget and Lev Vygotsky would explain this as the child's attempt to imitate her mother.

(3) Jean Piaget and Lev Vygotsky would explain this as egocentric nature of the child's thoughts.

(4) Jean Piaget would explain this as egocentric speech, while Lev Vygotsky would explain this as the child's attempt to regulate her actions through private speech.

16. किसी प्रगतिशील कक्षा की व्यवस्था में शिक्षक एक ऐसे वातावरण को उपलब्ध कराकर अधिगम को सुगम बनाता है, जो :

(1) समावेशन को हतोत्साहित करता है

(2) आवृत्ति को बढ़ावा देता है

(3) खोज को प्रोत्साहन देता है

(4) नियामक है

17. हॉवर्ड गार्डनर का बहुबुद्धि सिद्धांत सुझाता है कि :

(1) शिक्षक को चाहिए कि विषयवस्तु को वैकल्पिक विधियों से पढ़ाने के लिए बहुबुद्धियों को एक रूपरेखा की तरह ग्रहण करे

(2) क्षमता भाग्य है और एक अवधि के भीतर नहीं बदलती

(3) हर बच्चे को प्रत्येक विषय आठ भिन्न तरीकों से पढ़ाया जाना चाहिए ताकि सभी बुद्धियाँ विकसित हों

(4) बुद्धि को केवल बुद्धिलब्धि (IQ) परीक्षा से ही निर्धारित किया जा सकता है

18. कोई 5 साल की लड़की एक टी-शर्ट को तह करते हुए अपने आप से बात करती है। लड़की द्वारा प्रदर्शित व्यवहार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) जीन पियाजे इसकी व्याख्या सामाजिक अन्योन्यक्रिया के रूप में करेगा और लेव वाइगोत्स्की इसे खोजबीन मानेगा।

(2) जीन पियाजे और लेव वाइगोत्स्की इसकी व्याख्या बच्चे के द्वारा अपनी माँ के अनुकरण के रूप में करेंगे।

(3) जीन पियाजे और लेव वाइगोत्स्की इसकी व्याख्या बच्चे के विचारों की अहंकेंद्रित प्रकृति के रूप में करेंगे।

(4) जीन पियाजे इसे अहंकेंद्रित भाषा कहेगा और लेव वाइगोत्स्की इसकी व्याख्या बच्चे के द्वारा निजी भाषा से अपनी क्रियाओं को नियमित करने के प्रयासों के रूप में करेगा।



Scanned by CamScanner

19. 'Gender' is a/an :

(1) innate quality

(2) social construct

(3) biological entity

(4) physiological construct

20. As a teacher, who firmly believes in social constructivist theory of Lev Vygotsky, which of the following methods would you prefer for assessing your students?

(1) Fact-based recall questions

(2) Objective multiple-choice type questions

(3) Collaborative projects

(4) Standardized tests

21. To cater to individual differences in his classroom, a teacher should :

(1) engage in a dialogue with students and value their perspectives

(2) impose strict rules upon his students

(3) have uniform and standard ways of teaching and assessment

(4) segregate and label children based on their marks

22. Assessment is purposeful if :

(1) it is done only once at the end of the year

(2) comparative evaluations are made to differentiate between the students' achievements

(3) it induces fear and stress among the students

(4) it serves as a feedback for the students as well as the teachers

23. According to NCF, 2005, the role of a teacher has to be :

(1) permissive

(2) facilitative

(3) authoritative

(4) dictatorial

19. 'लिंग' है :

(1) सहज गुण

(2) सामाजिक संरचना

(3) जैविक सत्ता

(4) शारीरिक संरचना

20. लेव वाइगोत्स्की के समाज संरचना सिद्धांत में दृढ़ विश्वास रखने वाले शिक्षक के नाते आप अपने बच्चों के आकलन के लिए निम्नलिखित में से किस विधि को वरीयता देंगे?

(1) तथ्यों पर आधारित प्रत्यास्मरण के प्रश्न

(2) वस्तुपरक बहुविकल्पी प्रकार के प्रश्न

(3) सहयोगी प्रोजेक्ट

(4) मानकीकृत परीक्षण

21. अपनी कक्षा की वैयक्तिक भिन्नताओं से निपटने के लिए शिक्षक को चाहिए कि :

(1) बच्चों से बातचीत करे और उनके दृष्टिकोण को महत्त्व दे

(2) विद्यार्थियों के लिए कठोर नियमों को लागू करे

(3) शिक्षण और आकलन के समान और मानक तरीके हों

(4) बच्चों को उनके अंकों के आधार पर अलग कर उनको नामित करे

22. आकलन उद्देश्यपूर्ण होता है यदि :

(1) यह केवल एक बार वर्ष के अंत में हो

(2) विद्यार्थियों की उपलब्धियों में अंतर करने के लिए तुलनात्मक मूल्यांकन किए जाएँ

(3) इससे विद्यार्थियों में भय और तनाव का संचार हो

(4) इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रतिपुष्टि (फीडबैक) प्राप्त हो

23. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन० सी० एफ०), 2005 के अनुसार शिक्षक की भूमिका है :

(1) अनुमतिपरक

(2) सुविधादाता

(3) सत्तावादी

(4) अधिनायकीय



Scanned by CamScanner

24. Research suggests that in a diverse classroom, a teacher's expectations from her students _____ their learning.
(1) should not be correlated with
(2) do not have any effect on
(3) have a significant impact on
(4) are the sole determinant of

25. Inclusion of children with special needs :
(1) will increase the burden on schools
(2) requires a change in attitude, content and approach to teaching
(3) is an unrealistic goal
(4) is detrimental to children without disabilities

26. "Having a diverse classroom with children from varied social, economic and cultural backgrounds enriches the learning experiences of all students." This statement is :
(1) correct, because it makes the classroom more hierarchical
(2) incorrect, because it leads to unnecessary competition
(3) incorrect, because it can confuse the children and they may feel lost
(4) correct, because children learn many skills from their peers

27. A child with hearing impairment :
(1) can do very well in a regular school if suitable facilitation and resources are provided
(2) will never be able to perform on a par with classmates in a regular school
(3) should be sent only to a school for the hearing impaired and not to a regular school
(4) will not benefit from academic education only and should be given vocational training instead

24. अनुसंधान सुझाते हैं कि एक विविध कक्षा में अपने विद्यार्थियों से शिक्षिका की अपेक्षाएँ विद्यार्थियों के अधिगम :
(1) के साथ संबंधित नहीं मानी जानी चाहिए
(2) पर कोई प्रभाव नहीं छोड़तीं
(3) पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव छोड़ती हैं
(4) का एकमात्र निर्धारक होती हैं

25. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शामिल करना :
(1) विद्यालयों पर भार बढ़ा देगा
(2) शिक्षण के प्रति दृष्टिकोण, विषयवस्तु और धारणा परिवर्तन की अपेक्षा रखता है
(3) एक काल्पनिक लक्ष्य है
(4) जिनमें अक्षमता न हो उन बच्चों के लिए हानिकारक है

26. "विविध प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के बच्चों से युक्त कक्षा सभी विद्यार्थियों के अधिगम अनुभवों को बढ़ाती है।" यह कथन है :
(1) सही, क्योंकि इससे कक्षा अधिक श्रेणीबद्ध दिखाई देती है
(2) गलत, क्योंकि यह अनावश्यक स्पर्धा की ओर ले जाता है
(3) गलत, क्योंकि यह बच्चों के लिए दुविधा उत्पन्न कर सकता है और वे स्वयं को अलग-थलग महसूस कर सकते हैं
(4) सही, क्योंकि बच्चे अपने साथियों से अनेक कौशल सीखते हैं

27. सुनने में असमर्थ बच्चा :
(1) नियमित विद्यालय में बहुत अच्छा कर सकता है यदि उसे उपयुक्त सुविधा और साधन उपलब्ध कराए जाएँ
(2) नियमित विद्यालय में अपने सहपाठियों के समान कभी प्रदर्शन नहीं कर सकेगा
(3) श्रवण असमर्थता वाले बच्चों के विद्यालय में ही भेजा जाना चाहिए, नियमित विद्यालय में नहीं
(4) केवल अकादमिक शिक्षा से लाभ नहीं उठा पाएगा, उसे उसके स्थान पर व्यावसायिक शिक्षा दी जानी चाहिए



Scanned by CamScanner

28. Which of the following is a characteristic of a gifted learner?

(1) He is highly temperamental.

(2) He engages in ritualistic behaviour like hand flapping, rocking, etc.

(3) He gets aggressive and frustrated.

(4) He can feel understimulated and bored if the class activities are not challenging enough.

29. A teacher can enhance effective learning in her elementary classroom by :

(1) encouraging competition amongst her students

(2) connecting the content to the lives of the students

(3) offering rewards for small steps in learning

(4) drill and practice

30. Which of the following statements about children are **correct**?

A. Children are passive recipients of knowledge.

B. Children are problem solvers.

C. Children are scientific investigators.

D. Children are active explorers of the environment.

(1) A, B, C and D

(2) A, B and C

(3) A, B and D

(4) B, C and D

28. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता प्रतिभावान शिक्षार्थी की है?

(1) वह बहुत ही तुनकमिज़ाज होता है।

(2) वह रस्मी व्यवहार करता है जैसे—हाथ थपथपाना, डोलना आदि।

(3) वह आक्रामक और कुंठित हो जाता है।

(4) यदि कक्षा की गतिविधियाँ अधिक चुनौतीपूर्ण नहीं होती हैं, तो वह कम प्रेरित अनुभव करता है और ऊब जाता है।

29. एक शिक्षिका अपनी प्राथमिक कक्षा में प्रभावी अधिगम को बढ़ा सकती है :

(1) अपने विद्यार्थियों में प्रतियोगिता को प्रोत्साहन देकर

(2) विषयवस्तु को विद्यार्थियों के जीवन के साथ संबंधित करके

(3) अधिगम में छोटी-छोटी उपलब्धियों के लिए पुरस्कार देकर

(4) ड्रिल और अभ्यास के द्वारा

30. बच्चों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से **सही** हैं?

A. बच्चे जानकारी के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता हैं।

B. बच्चे समस्या समाधानकर्ता हैं।

C. बच्चे वैज्ञानिक शोधकर्ता हैं।

D. बच्चे पर्यावरण के सक्रिय अन्वेषक हैं।

(1) A, B, C और D

(2) A, B और C

(3) A, B और D

(4) B, C और D



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

## PART—II / भाग—II

### MATHEMATICS / गणित

***Directions :*** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

***निर्देश :*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** A teacher of Class II asks her students to write 4 ones and 3 tens. Some students write as 43 instead of 34. As a teacher, how will you help the students in understanding the concept?

(1) Give a lot of questions to practise in column method.

(2) Ask the students to represent on abacus and then write.

(3) Tell them it is wrong and ask them to write the correct answer 5 times.

(4) Always teach by column method of tens and ones to avoid confusion.

**32.** Which of the following statements is **not** true about 'mapping' in mathematics?

(1) Mapping promotes proportional reasoning.

(2) Mapping is not part of mathematics curriculum.

(3) Mapping can be integrated in many topics of mathematics.

(4) Mapping strengthens spatial thinking.

**31.** कक्षा II की एक शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों को 4 इकाई और 3 दहाई लिखने के लिए कहा। कुछ विद्यार्थियों ने 34 के स्थान पर 43 लिखा। एक शिक्षिका के रूप में आप विद्यार्थियों को इस संकल्पना को कैसे समझाएँगी?

(1) स्तंभ विधि में अभ्यास करने के लिए बहुत सारे प्रश्न देंगी।

(2) विद्यार्थियों को गिनतारा पर प्रदर्शित करने के लिए कहेंगी और फिर लिखने के लिए कहेंगी।

(3) उन्हें बताएँगी कि यह ग़लत है और फिर उन्हें सही उत्तर को 5 बार लिखने के लिए कहेंगी।

(4) हमेशा दहाई और इकाई के स्तंभों में लिखना सिखाएँगी जिससे कोई भ्रम न हो।

**32.** गणित में 'प्रतिचित्रण' के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सत्य **नहीं** है?

(1) प्रतिचित्रण, आनुपातिक विवेचन को प्रोत्साहित करता है।

(2) प्रतिचित्रण, गणित पाठ्यक्रम का भाग नहीं है।

(3) प्रतिचित्रण का गणित के कई विषयों से समाकलन किया जा सकता है।

(4) प्रतिचित्रण, स्थानिक चिंतन को बढ़ाता है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

**33.** Which of the following aspects of 'shapes' is **not** dealt with at primary level?

(1) Angle

(2) Symmetry

(3) Tessellation

(4) Pattern

**33.** 'आकृतियों' के निम्नलिखित पहलुओं में से किसका प्राथमिक स्तर से कोई संबंध नहीं है?

(1) कोण

(2) सममिति

(3) चौपड़

(4) प्रतिरूप (पैटर्न)

**34.** The mathematical games and puzzles help in :

A. developing a positive attitude towards mathematics

B. making connection between mathematics and everyday thinking

C. making mathematics enjoyable

D. promoting problem-solving skills

Select the correct option.

(1) A, B, C and D

(2) A and B

(3) A and D

(4) A, B and C

**34.** गणितीय खेल और पहेलियाँ मदद करते हैं :

A. गणित के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति को विकसित करने में

B. गणित और प्रतिदिन के विचारों में संबंध स्थापित करने में

C. गणित को आनन्ददायक बनाने में

D. समस्या-समाधान के कौशल को प्रोत्साहित करने में

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) A, B, C और D

(2) A और B

(3) A और D

(4) A, B और C

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

**35.** A given rectangle and a parallelogram have the same area. However, many Class IV students respond that the parallelogram has a larger area. How can a teacher help the students to understand that their areas are the same?

(1) Using scale

(2) Using a geoboard

(3) Using a graph paper

(4) Using paper folding

**35.** एक दिए हुए आयत और समांतर-चतुर्भुज का क्षेत्रफल समान है, परन्तु कक्षा IV के अनेक शिक्षार्थियों ने उत्तर दिया कि समांतर-चतुर्भुज का क्षेत्रफल अधिक है। शिक्षक, शिक्षार्थियों को यह समझने में किस प्रकार सहायता कर सकता है कि दोनों के क्षेत्रफल समान हैं?

(1) पैमाने के प्रयोग से

(2) जियोबोर्ड के प्रयोग से

(3) आलेख (ग्राफ) पेपर के प्रयोग से

(4) कागज़ मोड़ने के प्रयोग से

**36.** Which of the following is **not** an objective of teaching mathematics at primary level according to NCF, 2005?

(1) Making mathematics part of child's life experiences

(2) Promoting problem-solving and problem-posing skills

(3) Promoting logical thinking

(4) Preparing for learning higher and abstract mathematics

**36.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन० सी० एफ०), 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा **नहीं** है?

(1) गणित को बच्चे की ज़िंदगी के अनुभवों का भाग बनाना

(2) समस्या-समाधान और समस्या प्रस्तुत करने के कौशल को प्रोत्साहित करना

(3) तर्कसंगत विचारों को प्रोत्साहित करना

(4) गणित में उच्चतर और अमूर्त पढ़ाई की तैयारी कराना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

37. The difference between the place value of 5 in 29503 and the face value of 7 in 32071 is :

(1) 493

(2) 2

(3) 43

(4) 430

37. 29503 में 5 के स्थानीय मान तथा 32071 में 7 के अंकित मान में अंतर है :

(1) 493

(2) 2

(3) 43

(4) 430

38. If 30028 = 28 ones + 28 thousands + _____ tens, then the number in the blank space is :

(1) 280

(2) 28

(3) 128

(4) 200

38. यदि 30028 = 28 इकाई + 28 हज़ार + _____ दहाई, तब रिक्त स्थान पर संख्या है :

(1) 280

(2) 28

(3) 128

(4) 200

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

39. When the remainder obtained on dividing 80808 by 108 is divided by the remainder obtained on dividing 90909 by 109, then the quotient is :

(1) 12

(2) 3

(3) 6

(4) 8

39. जब 80808 को 108 से भाग देने पर प्राप्त शेषफल को 90909 को 109 से भाग देने पर प्राप्त शेषफल से भाग दिया जाता है, तब भागफल है :

(1) 12

(2) 3

(3) 6

(4) 8

40. If $603 \times 28 = 63 \times 4 \times$ _____, then the number in the blank space is :

(1) 67

(2) 21

(3) 28

(4) 63

40. यदि $603 \times 28 = 63 \times 4 \times$ _____, तब रिक्त स्थान पर संख्या है :

(1) 67

(2) 21

(3) 28

(4) 63

41. (The smallest common multiple of 30, 45 and 60 between 200 and 400) ÷ (The largest common factor of 15, 24 and 45) is equal to :

(1) 180

(2) 60

(3) 90

(4) 120

41. (200 और 400 के बीच में 30, 45 तथा 60 का सबसे छोटा सार्व गुणज) ÷ (15, 24 तथा 45 का सबसे बड़ा सार्व गुणनखंड) बराबर है :

(1) 180

(2) 60

(3) 90

(4) 120

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

42. A number is smaller than half of one hundred and lies between 4 tens and 5 tens. Ones digit is one less than tens digit. If the sum of digits is 7, then the product of the digits in the number is :

(1) 24

(2) 12

(3) 16

(4) 20

42. एक संख्या सौ के आधे से छोटी है और 4 दहाई तथा 5 दहाई के बीच में है। इसके इकाई का अंक दहाई के अंक से एक कम है। यदि संख्या में अंकों का योग 7 है, तो अंकों का गुणनफल है :

(1) 24

(2) 12

(3) 16

(4) 20

43. In a school, there are 360 students out of which two-thirds are girls and the rest are boys. Three-fourths of the number of boys are players. The number of boys who are not players is :

(1) 75

(2) 25

(3) 30

(4) 60

43. किसी विद्यालय में 360 विद्यार्थी हैं जिनमें से दो-तिहाई लड़कियाँ हैं और शेष लड़के हैं। लड़कों की संख्या के तीन-चौथाई खिलाड़ी हैं। जो खिलाड़ी नहीं हैं, उन लड़कों की संख्या है :

(1) 75

(2) 25

(3) 30

(4) 60

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**44.** Harish bought a scooter for ₹49,553. He paid ₹8,076 in cash and agreed to pay the remaining amount in 37 equal instalments. What is the amount of each instalment?

(1) ₹1,339

(2) ₹1,021

(3) ₹1,121

(4) ₹1,201

**44.** हरीश ने एक स्कूटर ₹49,553 में खरीदा। उसने ₹8,076 का नक़द भुगतान किया तथा शेष रकम को 37 बराबर क़िस्तों में देने पर राजी हुआ। प्रत्येक क़िस्त की राशि है :

(1) ₹1,339

(2) ₹1,021

(3) ₹1,121

(4) ₹1,201

**45.** A train left Hyderabad at 13 : 15 on Friday and reached Bengaluru at 07 : 30 on Saturday. The duration of the journey was :

(1) 19 hours 45 minutes

(2) 5 hours 35 minutes

(3) 12 hours 45 minutes

(4) 18 hours 15 minutes

**45.** एक रेलगाड़ी हैदराबाद से शुक्रवार को समय 13 : 15 पर चली और शनिवार को बेंगलुरू समय 07 : 30 पर पहुँची। यात्रा में लगा समय था :

(1) 19 घंटे 45 मिनट

(2) 5 घंटे 35 मिनट

(3) 12 घंटे 45 मिनट

(4) 18 घंटे 15 मिनट

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

46. The number of minutes in 15 days is equal to the number of seconds in :

(1) 8 hours

(2) 4 hours

(3) 5 hours

(4) 6 hours

46. 15 दिनों में मिनटों की संख्या बराबर है निम्न में से किसके सेकंडों की संख्या के?

(1) 8 घंटे

(2) 4 घंटे

(3) 5 घंटे

(4) 6 घंटे

47. 15 litres 286 millilitres of orange juice is mixed with 19 litres 714 millilitres of carrot juice. 12 litres 750 millilitres of the mixture is used and the rest is filled in bottles each containing 250 millilitres. The number of bottles is :

(1) 77

(2) 89

(3) 85

(4) 81

47. संतरे के 15 लीटर 286 मिलिलीटर जूस को गाजर के 19 लीटर 714 मिलिलीटर जूस में मिलाया जाता है। इस मिश्रण में से 12 लीटर 750 मिलिलीटर जूस प्रयोग में लाया जाता है और शेष को बोतलों में भरा जाता है जहाँ प्रत्येक बोतल में 250 मिलिलीटर जूस आता है। बोतलों की संख्या है :

(1) 77

(2) 89

(3) 85

(4) 81

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

48. The prices of fruits per kg are given below :

| | | |
|---|---|---|
| Watermelon | : | ₹ 18·50 |
| Cherry | : | ₹ 72 |
| Grape | : | ₹ 120·60 |
| Apple | : | ₹ 78·40 |

Reshma bought $4\frac{1}{2}$ kg watermelon, 1 kg 200 g cherries, 250 g grapes and $1\frac{3}{4}$ kg apples. She gave a ₹ 500 note to the shopkeeper. How much did she get back?

(1) ₹ 173

(2) ₹ 162

(3) ₹ 163

(4) ₹ 172

49. The size of a soap cake is 7 cm × 5 cm × 2·5 cm. The maximum number of soap cakes which can be packed into two boxes each having internal measurements as 56 cm × 0·4 m × 0·25 m is :

(1) 2560

(2) 640

(3) 960

(4) 1280

48. फलों के मूल्य प्रति kg नीचे दिए गए हैं :

| | | |
|---|---|---|
| खरबूज़ा | : | ₹ 18·50 |
| चेरी | : | ₹ 72 |
| अंगूर | : | ₹ 120·60 |
| सेब | : | ₹ 78·40 |

रेशमा ने $4\frac{1}{2}$ kg खरबूज़ा, 1 kg 200 g चेरी, 250 g अंगूर और $1\frac{3}{4}$ kg सेब खरीदे। उसने दुकानदार को ₹ 500 का एक नोट दिया। उसे कितने रुपये वापिस मिले?

(1) ₹ 173

(2) ₹ 162

(3) ₹ 163

(4) ₹ 172

49. साबुन की एक टिकिया का आकार 7 cm × 5 cm × 2·5 cm है। दो पेटियों में, जिनकी आंतरिक माप 56 cm × 0·4 m × 0·25 m है, साबुन की इन टिकियों की अधिकतम संख्या पैक की जा सकती है :

(1) 2560

(2) 640

(3) 960

(4) 1280

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**50.** The length of a rectangle is three times its breadth. The breadth is half the side of a square whose perimeter is 72 cm. Then :

(1) the perimeter of the rectangle is less than the perimeter of the square

(2) the areas of the square and rectangle are equal

(3) the area of the rectangle is more than the area of the square

(4) the perimeters of both rectangle and square are equal

**50.** किसी आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई का तीन गुना है। इसकी चौड़ाई एक वर्ग की भुजा का आधा है, जिसका परिमाप 72 cm है। तब :

(1) आयत का परिमाप, वर्ग के परिमाप से कम है

(2) वर्ग और आयत दोनों के क्षेत्रफल बराबर हैं

(3) आयत का क्षेत्रफल, वर्ग के क्षेत्रफल से अधिक है

(4) आयत और वर्ग दोनों के परिमाप बराबर हैं

**51.** Which one of the following is **not** correct?

(1) The volume of a cuboid of length 45 cm, breadth 15 cm and height 40 cm is equal to the volume of a cube whose side is 0·3 m

(2) One hundredth of 10 is equal to 0·1

(3) 55 litres 55 millilitres = 55·55 litres

(4) 2005 grams = 2·005 kg

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?

(1) किसी घनाभ का आयतन, जिसकी लंबाई 45 cm, चौड़ाई 15 cm और ऊँचाई 40 cm है, बराबर है उस घन के आयतन के जिसकी भुजा 0·3 m है

(2) 10 का शतांश = 0·1

(3) 55 लीटर 55 मिलिलीटर = 55·55 लीटर

(4) 2005 ग्राम = 2·005 kg

**52.** Which of the following is an essential prerequisite to understand multiplication of a two-digit number by a one-digit or a two-digit number?

(1) Commutative property of multiplication

(2) Multiplication as distribution over addition

(3) Multiplication as inverse of division

(4) Commutative property of addition

**52.** दो-अंकीय संख्या को दूसरी एक-अंकीय या दो-अंकीय संख्या से गुणा करने की प्रक्रिया को समझने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्व जानकारी होना आवश्यक है?

(1) गुणन का क्रमविनिमेय गुण

(2) गुणन, योग पर वितरण के रूप में

(3) गुणन, विभाजन के प्रतिलोम के रूप में

(4) योग का क्रमविनिमेय गुण

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

53. Which of the following **cannot** be considered as a reason for fear and failure in mathematics?

(1) Symbolic notations

(2) Structure of mathematics

(3) Gender differences

(4) Classroom experiences

53. गणित से भयभीत होने और उसमें असफल होने के लिए निम्नलिखित में से किसे एक कारण नहीं माना जा सकता है?

(1) प्रतीकात्मक संकेत

(2) गणित की संरचना

(3) लैंगिक भेद

(4) कक्षा-कक्ष के अनुभव

54. Which of the following teaching-learning resources would be the most appropriate to teach the concept of addition of two decimal numbers?

(1) Beads and string

(2) Graph paper

(3) Abacus

(4) Geoboard

**91.** पूरी पाठ्यचर्या में _____ में भाषा की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

(1) ज्ञान-निर्माण

(2) व्याकरण-निर्माण

(3) आकलन-निर्माण

(4) मूल्य-निर्माण

**92.** प्राथमिक कक्षाओं के भाषा-शिक्षक होने के नाते आपकी सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका है :

(1) बच्चों को वाद-विवाद के लिए तैयार करना

(2) विद्यार्थियों को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए तैयार करना

(3) कक्षा में पाठ्य-पुस्तक का अच्छी तरह से निर्वाह करना

(4) बच्चों की भाषाई क्षमता के विकास के लिए तरह-तरह के अवसर जुटाना

**93.** दूसरी कक्षा में पढ़ने वाला रोहित हिन्दी की कक्षा में अपनी मातृभाषा में बात करता है। आप क्या करेंगे?

(1) बाकी बच्चों से उसकी भाषा सीखने के लिए कहेंगे

(2) उसे डाँटेंगे कि वह कक्षा में मातृभाषा का प्रयोग न करे

(3) उसे बिल्कुल अनदेखा कर पढ़ाते रहेंगे

(4) उसकी भाषा को समझने की कोशिश करेंगे

**94.** 'पढ़ना' सीखने के लिए कौन-सा उपकौशल अनिवार्य **नहीं** है?

(1) वर्णमाला याद करने का कौशल

(2) अनुमान लगाने का कौशल

(3) भाषा की संरचना की समझ

(4) भावनात्मक संबंध

**95.** द्विभाषिक बच्चे _____ विकास, सामाजिक सहिष्णुता और _____ चिंतन में अपेक्षाकृत वेहतर होते हैं।

(1) संज्ञानात्मक, विस्तृत

(2) संक्रियात्मक, सीमित

(3) संक्रियात्मक, केंद्रित

(4) संज्ञानात्मक, सीमित

**96.** निम्नलिखित में से किसके अभाव में हम पढ़ नहीं सकते?

(1) बारहखड़ी से परिचय

(2) वर्णमाला की क्रमबद्धता का ज्ञान

(3) संयुक्ताक्षरों की पहचान

(4) लिपि से परिचय



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

**97.** भाषा और विचार के संबंधों की चर्चा में अग्रणी हैं :

(1) स्किनर

(2) चॉम्स्की

(3) वाइगोत्स्की

(4) पियाजे

**98.** सिद्धार्थ की माँ ने अपने परिवार के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे घर में एक ही भाषा का प्रयोग करें जिससे कि सिद्धार्थ का भाषाई विकास ठीक से हो सके। उनके बारे में आप क्या कहेंगे?

(1) वह सिद्धार्थ के भाषिक परिवेश में किसी प्रकार का अवरोध नहीं चाहतीं।

(2) वह सिद्धार्थ के भाषाई विकास के लिए विशेष प्रयत्न कर रही हैं।

(3) वह भाषा-अर्जन के सिद्धांतों की गहरी समझ रखती हैं।

(4) वह सिद्धार्थ को समृद्ध भाषिक परिवेश से वंचित कर रही हैं।

**99.** प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण के संदर्भ में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है कि बच्चे :

(1) लिखी/छपी सामग्री को बोल-बोलकर पढ़ सकें

(2) अक्षरों को जोड़-जोड़कर पढ़ सकें

(3) शब्दों को जोड़-जोड़कर वाक्य पढ़ सकें

(4) लिखी/छपी सामग्री का अर्थ समझ सकें

**100.** प्राथमिक स्तर पर लेखन क्षमता के संदर्भ में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है :

(1) मौलिक विचार

(2) श्रुतलेख

(3) सुलेख

(4) वर्तनी

**101.** निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि श्रवण एवं वाचन कौशलों के विकास के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होगी?

(1) कहानी सुनाकर उस पर बच्चों की प्रतिक्रिया जानना

(2) हावभाव के साथ कविता बुलवाना

(3) प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित करना

(4) रेडियो समाचार सुनाना

**102.** वाणी _____ होती है और लिखित भाषा की तुलना में काफ़ी तेज़ी से बदलती रहती है।

(1) स्थिर

(2) अस्थायी

(3) स्थायी

(4) गौण



Scanned by CamScanner

**103.** 'बहुभाषी कक्षा' से तात्पर्य है :

(1) जिस कक्षा में प्रत्येक बच्चे के घर की बोली को सम्मान दिया जाता हो

(2) जहाँ बहुत-सी भाषाओं का अध्यापन किया जाता है

(3) जिस कक्षा के शिक्षक/शिक्षिका दो या दो से अधिक भाषाएँ पढ़-लिख सकते हों

(4) जिस कक्षा में कम-से-कम दो भाषाओं में पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध हो

**104.** संज्ञान के स्तर पर विकसित _____ अन्य भाषाओं में आसानी से अनूदित होती रहती है।

(1) व्याकरण क्षमता

(2) तर्क क्षमता

(3) भाषा क्षमता

(4) ज्ञान क्षमता

**105.** भाषा-शिक्षण को _____ संदर्भ में रखकर देखने की आवश्यकता है।

(1) सांस्कृतिक

(2) नैतिक

(3) बहुभाषी

(4) आर्थिक

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **106** से **114**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

लघु उद्योग उन उद्योगों को कहा जाता है जिनके समारम्भ एवं आयोजन के लिए भारी-भरकम साधनों की आवश्यकता नहीं पड़ती। वे थोड़े-से स्थान पर, थोड़ी पूँजी और अल्प साधनों से ही आरम्भ किए जा सकते हैं। फिर भी उनसे सुनियोजित ढंग से अधिकाधिक लाभ प्राप्त करके देश की निर्धनता, गरीबी और विषमताओं से एक सीमा तक लड़ा जा सकता है। अपने आकार-प्रकार तथा साधनों की लघुता व अल्पता के कारण ही इस प्रकार के उद्योग-धंधों को कुटीर-उद्योग भी कहा जाता है। इस प्रकार के उद्योग-धंधे अपने घर में भी आरम्भ किए जा सकते हैं और अपने सीमित साधनों का सदुपयोग करके आर्थिक लाभ कमाया जा सकता है और सुखी-समृद्ध बना जा सकता है। भारत जैसे देश के लिए तो इस प्रकार के लघु उद्योगों का महत्त्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यहाँ युवाओं की एक बहुत बड़ी संख्या बेरोज़गार है। इसी कारण महात्मा गांधी ने मशीनीकरण का विरोध किया था। उनकी यह स्पष्ट धारणा थी कि लघु उद्योगों को प्रश्रय देने से लोग स्वावलम्बी बनेंगे, मज़दूर-किसान फसलों की बुआई-कटाई से फुर्सत पाकर अपने खाली समय का सदुपयोग भी करेंगे। इस प्रकार आर्थिक समृद्धि तो बढ़ेगी ही, साथ ही लोगों को अपने घर के पास रोज़गार मिल सकेगा।

**106.** उन उद्योगों को लघु उद्योग कहा जाता है :

(1) जिनसे अल्प लाभ मिलता है

(2) जो अल्प अवधि तक चलते हैं

(3) जो कम साधनों से शुरू किए जा सकते हैं

(4) जिन्हें निर्धन व्यक्ति आयोजित करते हैं

**107.** 'मशीनीकरण' से तात्पर्य है :

(1) मशीनों का अधिकाधिक निर्माण

(2) मशीनों की अधिकाधिक उपलब्धता

(3) मशीनों की अधिकाधिक खरीद

(4) मशीनों का अधिकाधिक उपयोग



Scanned by CamScanner

**108.** लघु उद्योगों को प्रश्रय देने के संदर्भ में गांधीजी की क्या धारणा थी?

(1) मशीनीकरण का विरोध किया जा सके

(2) लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके

(3) समय का सदुपयोग किया जा सके

(4) किसानों को बुआई-कटाई से फुर्सत मिल सके

**109.** भारत जैसे देश के लिए लघु उद्योग-धंधों का महत्त्व क्यों बढ़ जाता है?

(1) क्योंकि यहाँ के युवा वर्ग को मशीनों पर काम करना नहीं आता

(2) क्योंकि यहाँ कम पूँजी वाले लोग अधिक संख्या में हैं

(3) क्योंकि यहाँ बहुत-से लोगों को काम की ज़रूरत है

(4) क्योंकि यहाँ मशीनों की उपलब्धता बहुत कम है

**110.** 'विषमता' का विपरीतार्थी है :

(1) समानता

(2) असमानता

(3) प्रतिकूलता

(4) सामान्यतः

**111.** 'समृद्ध' शब्द में भाव है :

(1) रोज़गार पाने का

(2) खुशहाल होने का

(3) धनी होने का

(4) समर्थ होने का

**112.** 'अल्पता' शब्द है :

(1) देशज

(2) विदेशी

(3) तद्भव

(4) तत्सम

**113.** कौन-सा शब्द-युग्म शेष से भिन्न है?

(1) पशु-पक्षी

(2) माता-पिता

(3) दिन-रात

(4) भारी-भरकम

**114.** गद्यांश के अनुसार 'प्रश्रय' शब्द का भाव है :

(1) अनुमोदन करना

(2) स्वीकृति देना

(3) संरक्षण देना

(4) नियुक्ति करना



Scanned by CamScanner

निर्देश : नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **115** से **120**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

हवा चले अनुकूल तो नावें नौसिखिए भी खे लेते हैं,
सहज डगर पर लँगड़े भी चल बैसाखी से लेते हैं।
मिट जाते जो दीप स्वयं रोशन कर लाख चिरागों को
नमन उन्हें है, जो लौटा लाते हैं गई बहारों को।

फैलाकर के हाथ किसी के सम्मुख झुकना आसाँ है,
बहती नदिया से पानी पी प्यास बुझाना आसाँ है,
नित्य खोदकर नए कुएँ जो सबकी प्यास बुझाते हैं,
वही लोग हैं जो सदियों तक जग में पूजे जाते हैं।

**115.** कवि उन्हें नमन कर रहा है जो :

(1) लाखों दीपक जलाते हैं

(2) लहरों पर नाव चला लेते हैं

(3) सरल मार्गों पर चलते हैं

(4) दूसरों को प्रेरणा देकर मरते हैं

**116.** कविता में 'बैसाखी' का भावार्थ है :

(1) सहारा

(2) सीढ़ी

(3) एक फसल

(4) एक महीना

**117.** 'पानी पी प्यास बुझाना आसाँ है'—में अलंकार है :

(1) मानवीकरण

(2) उपमा

(3) रूपक

(4) अनुप्रास

**118.** समाज उन्हें सदा सम्मानित करता है, जो :

(1) अपने कामों से सबका हित करते हैं

(2) सदियों तक पूजे जाते हैं

(3) नित्य नए कुएँ खोदते हैं

(4) प्यासे को पानी पिलाते हैं

**119.** कवि के अनुसार उनका जीवन आसान नहीं है, जो :

(1) बैसाखी के सहारे चलते हैं

(2) परिश्रम से बीती बहारों को लौटा लाते हैं

(3) स्वयं अपने ही लिए साधन जुटाते हैं

(4) लोगों के सामने हाथ फैलाते हैं

**120.** 'नौसिखिया' है :

(1) नए विषय पढ़ने वाला

(2) नया सिखाने वाला

(3) नया सीखने वाला

(4) नौ विषय जानने वाला



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

# PART—V

## Language—II

### ENGLISH

**IMPORTANT** : Candidates should attempt questions from **Part—V** (Q. Nos. **121 to 150**), if they have opted **ENGLISH** as **Language—II** only.

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **121** to **135**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**121.** Language is **not** :

(1) social

(2) arbitrary

(3) symbolic

(4) instinctive

**122.** When language development is a deliberate and conscious effort, language is :

(1) brushed up

(2) learned

(3) acquired

(4) honed

**123.** What is a 'task' in task-based language learning?

(1) A piece of work for the parents to do their children's homework

(2) A piece of activity for teachers to do in the classroom

(3) A piece of work which exposes learners to language

(4) A piece of work which enables learners to do an activity

**124.** Travelogue is a genre of :

(1) bibliography

(2) literature

(3) poetry

(4) criticism

**125.** The most important aspect of an effective language classroom is to provide learners with an opportunity to :

(1) interfere

(2) assess

(3) imitate

(4) interact

**126.** A teacher of Class V is practising 'interactive listening' in the class. She should focus on :

(1) listening to word stress and intonation

(2) listening to the pronunciation

(3) listening and responding

(4) listening and observing speakers' attitude



Scanned by CamScanner

127. A word with same spelling and same pronunciation as another, but with a different meaning is a/an :

(1) homophone

(2) antonym

(3) synonym

(4) homonym

128. A shorter form of a group of words, which usually occurs in an auxiliary verb, is :

(1) connector

(2) contraction

(3) conjunction

(4) connotation

129. Aditi, a visually challenged child in Class IV, does not have any text in braille. How can a teacher facilitate her in reading the English textbook?

(1) Instead of focussing on this single child, she may use her energy in teaching the remaining class.

(2) She may ask her parents to look after their child.

(3) She may ask the principal to arrange a special teacher for her.

(4) She may arrange and give the audio CD of the textbook to the child.

130. Poetry teaching is generally meant for :

(1) learning punctuation

(2) enjoyment and appreciation

(3) language learning

(4) learning grammar

131. Reading English as a second language means :

(1) reading for grammar

(2) meaning making

(3) decoding of letters and words

(4) reading aloud

132. When learners give feedback on each other's language, work, learning strategies, performance, etc., it is called :

(1) group assessment

(2) self-assessment

(3) peer assessment

(4) formal assessment



Scanned by CamScanner

133. A teacher after completing a chapter asks the students some questions to review their learning and check their understanding. The questions she is asking will be based on :

(1) hyper-order thinking skills

(2) higher-order thinking skills

(3) middle-order thinking skills

(4) lower-order thinking skills

134. A good teaching-learning material (TLM) can best :

(1) help the teacher to transact material without any modification

(2) help the learners acquire a language

(3) facilitate the teaching-learning process

(4) be a source of entertainment

135. While providing feedback to the parents, a teacher should **not** :

(1) share the incidents recorded in the anecdotes

(2) compare their child with other children

(3) compare the current performance of the child with her previous performance

(4) give qualitative feedback about the child

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **136** to **143**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

The art of Madhubani painting is the traditional style developed in the Mithila region, in the villages around Madhubani, Bihar. Madhubani literally means a forest of honey. This style of painting has been traditionally used by the women of the region, though today men are also involved to meet the demand. The work is done on freshly plastered mud walls. For commercial purposes, it is now being done on paper, cloth, etc.

The paintings are basically of religious nature. They are done in the special rooms of their homes (in the Pooja room, ritual area, bridal room), on the main village walls, etc., for ceremonial or ritualistic purposes. The women offer prayers to the deity before starting the work. Figures from nature and mythology are adapted to suit their style. The themes and designs widely painted are the worship of Hindu deities such as Krishna, Rama, Shiva, Durga, Lakshmi, Saraswati, Sun and Moon, Tulsi plant, court scenes, wedding scenes and other social events taking place around them.

Floral, animal and bird motifs, geometrical designs are used to fill up all the gaps. There is hardly any empty space in this



Scanned by CamScanner

style. Cotton wrapped around a bamboo stick forms the brush. The colours applied are prepared by the artists. The skill is handed down the generations, and hence the traditional designs and patterns are widely maintained. It is believed that the genesis of Madhubani paintings came about when King Janaka asked for paintings to be developed for his daughter Sita's wedding.

**136.** Madhubani paintings are no longer done exclusively by women on walls :

(1) because cloth is more durable

(2) to meet their widespread demand

(3) as men are better painters

(4) as paper is cheaper

**137.** Madhubani paintings are essentially of religious nature when they are done :

(1) in the Pooja room

(2) in the bridal room

(3) on the village walls

(4) using figures from nature

**138.** These paintings become secular when they depict :

(1) court scenes

(2) worship of Saraswati

(3) Tulsi plant

(4) wedding scenes

**139.** A Madhubani painting shows only :

(1) a balanced portrayal of all of them

(2) Hindu deities

(3) flowers and plants

(4) geometrical designs

**140.** The art of Madhubani painting is learnt in the :

(1) Ashrams of Madhubani

(2) schools of art

(3) families at home

(4) homes of renowned artists



Scanned by CamScanner

**141.** 'Floral' is an adjective derived from the noun, 'flower'. Aural is derived from the noun :

(1) mouth

(2) morning

(3) ear

(4) eye

**142.** "... on freshly plastered mud walls."

The word 'plastered' is a/an :

(1) particle

(2) gerund

(3) infinitive

(4) participle

**143.** The word 'genesis' means the same as :

(1) growth

(2) birth

(3) original

(4) spirit

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **144** to **150**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

A remarkable feature of Edison's inventions was their basic simplicity. There were innumerable scientists possessing deep knowledge of electricity, chemistry, etc., but it was this unschooled genius who succeeded where they failed. What were his unique qualities? Firstly, he had an uncanny ability to judge the practical use of any scientific fact. Secondly, he was blessed with patience and perseverance. He would try out countless ideas till he found the right one. Third was his business acumen, which enabled him to earn the large sums of money necessary to conduct experimental work.

Edison's enthusiasm for work and optimistic attitude ensured a long and productive life. Only after crossing the age of seventy-five did he start slowing down. During his final illness, his curiosity about his condition, medicines, and treatment, made the doctors think that possibly he was taking this too as one of his scientific investigations ! He passed away on 18 October, 1931, at the ripe old age of eighty-four.

During his lifetime itself Edison became one of the most famous men in the world. Honours were showered on him. Among them was the congressional gold medal in 1928 for his contributions to human welfare. In 1960, he was posthumously



Scanned by CamScanner

elected to the Hall of Fame for Great Americans at New York University. But the tribute that was most eloquent was quite unintended. The authorities contemplated switching off the power supply in New York, the scene of his triumph in 1882, for two minutes as a mark of respect on his death. But 1931 was not 1882. Since normal life would have come to a standstill by the two-minute power cutoff, the idea was given up. There could be no greater tribute to the man than this negative tribute !

**144.** The most remarkable feature of Edison's inventions was their :

(1) aesthetic aspect

(2) fundamental simplicity

(3) multiple usefulness

(4) low cost

**145.** According to the author, Edison became prosperous because he :

(1) had luck on his side

(2) worked very hard

(3) made the best use of his time

(4) had great business sense

**146.** To conduct experimental work, Edison needed :

(1) sophisticated gadgets

(2) support of generous patrons

(3) huge amounts of money

(4) calm and quiet atmosphere

**147.** Edison's long and productive life can be attributed to :

(1) his immensely good health

(2) a large circle of friends

(3) his involvement in charitable work

(4) his positive attitude

**148.** The word 'uncanny' as used in the passage means :

(1) weird

(2) great

(3) terrific

(4) astonishing

**149.** The opposite of 'famous' is :

(1) unnoticeable

(2) unpopular

(3) unknown

(4) negligible

**150.** Which part of speech is the underlined word?

"... <u>any</u> scientific fact."

(1) Preposition

(2) Noun

(3) Adjective

(4) Adverb



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

## भाग—V

## भाषा—II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग—V** (प्र० सं० **121** से **150**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **121** से **135**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**121.** भाषा-शिक्षण के संदर्भ में बाल-साहित्य का उद्देश्य है :

(1) बच्चों को उत्साही पाठक बनने के लिए प्रोत्साहित करना

(2) बच्चों को साहित्यिक विधाओं से परिचित करवाना

(3) बच्चों को जीवन-कौशल सिखाना

(4) बच्चों को भाषा के नियमों की जानकारी देना

**122.** 'संदर्भ में व्याकरण' का शैक्षिक निहितार्थ है :

(1) पाठ के संदर्भ में व्याकरण जानना ज़रूरी नहीं है

(2) व्याकरण और संदर्भ दोनों अलग हैं

(3) व्याकरण का संदर्भ पाठ्य-पुस्तक में ही होता है

(4) व्याकरण पाठ के संदर्भ में सिखाया जाता है

**123.** बच्चों को कहानी सुनाने की उपयोगिता सिद्ध होती है :

(1) कहानी से मिलने वाली ज्ञान-विज्ञान की जानकारी द्वारा

(2) कहानी से मिलने वाली सीख द्वारा

(3) कहानी कहने के तरीके द्वारा

(4) कहानी में गुंथे हुए नैतिक मूल्यों के आधार पर

**124.** अवलोकन को आकलन का भाग तभी कहा जा सकता है जब अवलोकन :

(1) अनिवार्यतः औपचारिक रूप से किया जा रहा हो

(2) नियमित रूप से किया जा रहा हो

(3) प्रतिदिन प्रत्येक बच्चे का किया जा रहा हो

(4) लड़के-लड़कियों का अलग-अलग किया जा रहा हो

**125.** सुरभि किसी भी ऐसे शब्द विशेष को बोलने में कठिनाई अनुभव करती है जिसमें दो से अधिक बार 'त' की आवृत्ति हुई हो। आप उससे/उसे :

(1) बोलते समय इस ओर ध्यान न देने के लिए कहेंगी

(2) 'त' वाले शब्दों का बार-बार उच्चारण करवाएँगी

(3) ऐसे शब्दों का विकल्प ढूँढ़कर देंगी

(4) ऐसे शब्दों को बार-बार सुनने के लिए कहेंगी

**126.** प्राथमिक स्तर पर भाषा का आकलन करने में सर्वाधिक सहायक है :

(1) वीडियोग्राफी

(2) लिखित परीक्षा

(3) पोर्टफोलियो

(4) नाटक का मंचन



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

**127.** "यदि तुम्हें डलिया भरकर आम दे दिए जाएँ तो तुम क्या करोगी?" इस प्रश्न का उद्देश्य है :

(1) बच्चों को गणित की ओर प्रवृत्त करना

(2) बच्चों को नए शब्दों से परिचित कराना

(3) बच्चों के अनुभव और चिंतन को स्थान देना

(4) बच्चों की मौखिक परीक्षा लेना

**128.** अकादमिक सत्र शुरू होने के दो माह बाद तक भी कक्षा चार के विद्यार्थियों को भाषा की पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षक :

(1) श्रवण एवं वाचन कौशल का अभ्यास करवाते रहें

(2) विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक अपने-आप खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें

(3) पाठ्य-पुस्तक के उपलब्ध होने तक पठन-लेखन की प्रक्रिया आरम्भ न करवाएँ

(4) भाषाई क्षमताओं के विकास के लिए अन्य विषयों की पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग करें

**129.** "भाषा शून्य में विकसित नहीं होती।" इसका शैक्षिक निहितार्थ है कि भाषा सीखने के लिए ______ अनिवार्य है।

(1) विद्यालयी पढ़ाई-लिखाई

(2) भाषा प्रयोगशाला

(3) पारिवारिक संवाद

(4) सामाजिक अंतःक्रिया

**130.** प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है बच्चों को :

(1) सहज अभिव्यक्ति का अवसर देना

(2) मातृभाषा की लिपि की पहचान करवाना

(3) व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ करवाना

(4) अक्षरों की बनावट के प्रति सचेत करना

**131.** भाषाई कौशलों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(1) सभी भाषाई कौशल पाठ्य-पुस्तक से ही विकसित होते हैं।

(2) कोई भी भाषाई कौशल अंतःसंबंधित नहीं है।

(3) सभी भाषाई कौशल अंतःसंबंधित हैं।

(4) सभी भाषाई कौशल स्वयं ही विकसित होते हैं।

**132.** 'पढ़कर समझना' कुशलता का विकास करने में **सबसे कम** महत्त्वपूर्ण है :

(1) कहानी को अपनी भाषा में कहलवाना

(2) कहानी पर आधारित प्रश्न बनवाना

(3) कहानी का अंत बदलवा देना

(4) कहानी पर आधारित व्याकरण समझाना



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

**133.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने के एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य की ओर संकेत करता है?

(1) भाषण, वाद-विवाद और कविता-पाठ में भाग लेना

(2) भाषा को अपने परिवेश एवं अनुभव को समझने का माध्यम मानना

(3) गणित के पाठ्यक्रम के अनुरूप हिन्दी में संख्याएँ जानना

(4) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और वचन की शुद्ध पहचान करना

**134.** भाषा सीखने में शब्दकोश का बहुत महत्त्व है। निम्नलिखित में से शब्दकोश का **सबसे कम** महत्त्वपूर्ण उपयोग कौन-सा होगा?

(1) किसी शब्द का समानार्थी शब्द जानना

(2) किसी शब्द की सही वर्तनी जानना

(3) अक्षरों/वर्णों का क्रम जानना

(4) किसी शब्द का अर्थ जानना

**135.** जब बच्चे भाषा से भिन्न कोई विषय पढ़ते हैं, तो वे :

(1) केवल अवधारणा ही बना पाते हैं

(2) केवल विषय ही पढ़ते हैं

(3) साथ-साथ भाषा भी सीखते हैं

(4) साथ-साथ परीक्षा की तैयारी भी करते हैं

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **136** से **143**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

हमें स्वतंत्र हुए 15 वर्ष ही हुए थे कि पड़ोसी चीन ने हमारी पीठ में छुरा भोंक दिया। उत्तरी सीमा की सफेद बर्फ़ीली चोटियाँ शहीदों के खून से सनकर लाल हो गईं। हज़ारों माँओं की गोदें सूनी हुईं, हज़ारों की माँग का सिंदूर पुँछ गया और लाखों अभागे बच्चे पिता के प्यार से वंचित हो गए।

गणतंत्र दिवस निकट आ रहा था। देश का हौसला पस्त था। कोई उमंग नहीं रह गई थी पर्व मनाने की। तब यह सोचा गया कि जानी-मानी फिल्मी हस्तियाँ आयोजन में शामिल हों तो भीड़ उमड़ेगी। वहाँ कोई ऐसा गीत प्रस्तुत हो जो लोगों के दिलों को छूकर उन्हें झकझोर सके। चुनौती फिल्म जगत तक पहुँची। एक नौजवान गीतकार प्रदीप ने चुनौती स्वीकारने का मन बनाया और गीत लिखना शुरू किया। लेकिन सुर और स्वर के बिना गीत का क्या! प्रदीप संगीत निर्देशक सी० रामचंद्र के पास पहुँचे। उन्हें गीत पसंद आया और रक्षा मंत्रालय को सूचना दे दी गई।

26 जनवरी का शुभ दिन आया। लाखों की भीड़ बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही थी। तब तक जो धुन बज रही थी वह हटी और थोड़ी देर शांति रही। तभी उस शांति को चीरता हुआ लता मंगेशकर का वेदना और चुनौती भरा स्वर सुनाई पड़ा— "ऐ मेरे वतन के लोगो, ज़रा आँख में भर लो पानी।" समय जैसे थम गया। सभी के मन एक ही भाव, एक ही रस में डूब गए। गीत समाप्त हुआ तो लगभग दो लाख लोग सिसक रहे थे। आँसू थे कि थमते ही न थे।

**136.** "ऐ मेरे वतन के लोगो..." गीत के बारे में क्या सच **नहीं** है?

(1) लता मंगेशकर ने स्वर दिया

(2) प्रदीप ने लिखा

(3) मन्ना डे ने सुर दिया

(4) सी० रामचंद्र ने संगीत दिया



Scanned by CamScanner

**137.** भारत में 26 जनवरी का पर्व मनाने की उमंग न रहने का कारण था :

(1) चीन का दबाव

(2) हज़ारों युवकों का शहीद होना

(3) सैनिकों के द्वारा मार्च-पास्ट से इनकार

(4) रक्षा मंत्रालय की अनिच्छा

**138.** रक्षा मंत्रालय को क्या सूचना दी गई होगी?

(1) प्रदीप और सी० रामचंद्र भी दिल्ली आएँगे

(2) 26 जनवरी का पर्व मनाया जाए

(3) फिल्मी हस्तियाँ भाग लेंगी

(4) गीत प्रस्तुत करने की चुनौती स्वीकार है

**139.** 'पीठ में छुरा भोंकना' का अर्थ है :

(1) पराजित करना

(2) युद्ध में घायल करना

(3) आक्रमण करना

(4) विश्वासघात करना

**140.** जानी-मानी फिल्मी हस्तियों को बुलाने का निर्णय क्यों लिया गया?

(1) शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए

(2) गणतंत्र दिवस मनाने के लिए

(3) भीड़ जुटाने के लिए

(4) लता मंगेशकर का गीत सुनने के लिए

**141.** 'माँग का सिंदूर पुँछ जाना' मुहावरे का अर्थ है :

(1) अभागिन होना

(2) अनाथ हो जाना

(3) विधवा हो जाना

(4) वियोगिनी होना

**142.** देश का हौसला पस्त था, क्योंकि :

(1) फिल्मी हस्तियाँ साथ नहीं दे रही थीं

(2) चीन से मात खाई थी

(3) तैयारियाँ नहीं की गई थीं

(4) कोई उमंग शेष नहीं थी

**143.** 'उमड़ना' क्रिया का कौन-सा प्रयोग ठीक **नहीं** है?

(1) आँसू उमड़ चले

(2) भीड़ उमड़ पड़ी

(3) नदी उमड़ आई

(4) दूध उमड़ने लगा



Scanned by CamScanner

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं॰ **144** से **150**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

बारिश के लिहाज़ से वह साल ठन-ठन गोपाल था। खेतों में जैसे-तैसे धान रोप दिया गया था लेकिन तेज़ धूप ने उसे झुलसा डाला था। सावन सिर पर था और बादल लापता। कि तभी एक उमसती हुई रात में बिजली कड़कने से नींद खुली। थोड़ी देर में झींसियाँ पड़ने लगीं। चारपाइयाँ आँगन से उठाकर भीतर कर ली गईं। लेकिन हवा गुम थी और गर्मी ज्यों-की-त्यों, लिहाज़ा वह रात रतजगे में ही गई। सुबह हुई तो लोग धान बच जाने को लेकर ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करते दिखे। बरसात रात वाली रफ़्तार से ही जारी थी। न उससे धीमी, न तेज़। आसमान समतल और तकरीबन सफेद था। बादल बीच-बीच में ज़रा-सा गुर्राकर खामोश हो जा रहे थे। स्कूल का टाइम हुआ तो हम जैसे ढीलों ने इकतरफा तौर पर 'रेनी डे' मनाने का फैसला किया, जबकि पढ़ाकुओं ने बस्ता लादा और सुपरिचित रास्ते पर बढ़ चले। थके-हारे पढ़वैये शाम को लौटे तो उनकी हालत कटे खेत में पानी भरने पर भागे चूहों जैसी थी। बारिश से बुरी तरह ऊबकर हम सोए, इस उम्मीद में कि कल नीला आकाश देखने को मिलेगा।

**144.** "बारिश के लिहाज़ से वह साल ठन-ठन गोपाल था।" वाक्य का भाव है :

(1) पढ़ाई नहीं कर पाए थे

(2) बारिश नहीं हुई थी

(3) बहुत बारिश हुई थी

(4) अकाल के कारण पैसा नहीं था

**145.** "सावन सिर पर था।" इस कथन का आशय है कि सावन :

(1) आ चुका था

(2) सूखा था

(3) दूर था

(4) आने वाला था

**146.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि अगले दिन :

(1) लोग बारिश होने से खुश थे

(2) लोग बारिश के न होने से परेशान थे

(3) लोग तेज़ बारिश के न होने से खुश थे

(4) तेज़ बारिश में 'रेनी डे' मनाया जाता है

**147.** 'झींसियाँ' शब्द का भाव है :

(1) बहुत हल्की बूँदा-बाँदी

(2) मूसलाधार बारिश

(3) तेज़ फुहारें

(4) तेज़ बूँदा-बाँदी

**148.** "हम जैसे ढीलों ने इकतरफा तौर पर 'रेनी डे' मनाने का फैसला किया।" वाक्य में लेखक ने अपनी किस विशेषता को बताया है?

(1) दिमाग से कमज़ोर

(2) बारिश का मज़ा लेने वाले

(3) पढ़ाई में पिछड़े

(4) हर्षोल्लास से त्योहार मनाने वाले

**149.** किन लोगों ने 'रेनी डे' नहीं मनाया?

(1) जो भीगना नहीं चाहते थे

(2) जो बारिश से बचते थे

(3) जो पढ़ाकू थे

(4) जो डरपोक थे

**150.** "सावन सिर पर था और बादल लापता।" वाक्य है :

(1) संयुक्त

(2) संकेतवाचक

(3) सरल

(4) मिश्र



Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK
रफ़ कार्य के लिए जगह

★★★



Scanned by CamScanner

CAREERINDIA

SEAL

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह काले/नीले बॉलपॉइंट पेन से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाजिरी-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर-पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं हाजिरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाजिरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान हाजिरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Black/Blue Ballpoint Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the Examination Halls/Rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall/Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***



Scanned by CamScanner